# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

विद्युत शाखा :– साकेत भवन आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

मु.का. दूरभाष : 221280, 222672, फैक्स : 07759–221929, पो. बाक्स नं. : 12 पिंन कोड : 495677

Website :www.Korbamunicipal.in Email : Corporationkorba@gmail.com


फा.क 114/विद्युत शाखा/2025/ कोरबा, दिनांक 17.02.2026

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शासकीय एवं अर्धशासीयक विभागो में कार्यरत कार्य सें संबंधित अनुभवी निविदाकारो से शेड्यूल अनुसार आयटम दरो पर मैन्यूवल निविदा हेतु निविदा प्रपत्र फार्म–बी वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्वती के माध्यम से मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 03.03.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 03.03.2026 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निगम क्षेत्र में ध्वज के ऊचे खंभे के आपूर्ति ओर स्थापना कार्य। (निगम मद) | 9,73,000/– | 7,500/– | 750/– | 02 माह | 03.03.2026 |

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा दरे आयटम दर पर ही भरे जावे अन्यथा निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाऍ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी/बैकर्स चैक के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगाः–
   (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी/बैकर्स चैक, **निविदाओं में निविदाकार को फिजिकल दस्तावेज के साथ निविदा सूचना जारी होने के पश्चात् दिनांक का शपथ पत्र जिसमें संबंधित कार्य का नाम एवं कार्य की निविदा क्रमांक अंकित हो प्रेषित करना अनिवार्य होगा** एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाऍ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले वित्तीय वर्ष का आयकर चुकता प्रमाणपत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, (वर्तमान तक वैद्यता) कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु प्राप्त होगे एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं विभिन्न प्रावधानो को धारा 1952 के तहत निविदाकार का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है साथ ही निविदा आमंत्रण दिनांक से विगत 03 माह के अवधि में जमा किये गये TRRN Payment Detail चालान की प्रति प्रस्तुत करना एवं वस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के अनुरूप लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. मूल निर्मिता कम्पनी (ओ.ईएम) को हाई मास्ट पोल का वैद्य आथराइजेसन प्रमाण पत्र लेटर हैड में प्रस्तुत करना होगा।
9. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

क्रमशः.......02

10. ठेकेदार द्वारा सपांदित किये गये कार्य के देयको का भुगतान बजट आबंटन और राशि उपलब्ध होने पर किया जायेगा। ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान **"निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016"** में किये गये प्रावधानो का पालन करना अनिवार्य होगा।
11. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
12. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
13. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
14. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः– खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
15. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
16. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई.सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
17. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
18. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा राशि रनिंग देयकों के साथ 01 वर्ष हेतु साथ ही मरम्मत एवं संधारण प्रकृति के कार्यों को छोड़कर शेष कार्यों के देयकों से 5 प्रतिशत की दर से पृथक से 03 वर्ष की गारंटी के लिये परफार्मेंस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी।
19. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तो का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 **प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
20. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथ पत्र **राशि रू. 100/– नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर** कंडिका क्र. 04 के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
21. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
22. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होनेकी स्थिति में आयुक्त केद्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
23. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
24. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**प्रात्रता की अतिरिक्त शर्ते**

1. हाई मास्ट इंडियन नेशनल फ्लेग 25 मीटर लंबाई निर्मित प्रदाय करना होगा, निविदा में भाग लेने हेतु कंपनी अथवा डीलर्स द्वारा अधीकृत प्रमाण पत्र मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं मेक इन इंडिया प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
2. कार्य में उपयोग किये जाने वाले हाई मास्ट इंडियन नेशनल फ्लेग 25 मीटर लंबाई, श्री बालाजी इंटरप्राइजेस, जेके पोल्स प्रा. लिमिटेड एवं जिंदल स्टील प्रा. लिमिटेड (मेक) में से किसी एक मेक का होना चाहिए।
3. निविदाकार का नॉन ब्लेक लिस्टिंग का सी.व्ही.सी. प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. प्रदायकर्ता को प्रदाय सामग्री के क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम आई.एस.ओ. 9001 से 2015 प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

नोटः–

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

**प्रतिलिपि :– प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ................................................

पूर्ण पता ................................................

................................................

मोबाईल नं.– ................................................

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छ.ग.)**

# FICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

## ABSTRACT

**Sub :- Supply & Fixing of Flag High Mast Pole at Nigam Area.**

| No. | Description of Goods | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of 25 Meter Flag Pole with top 150 mm, Bottom 540 mm, Base Plate 730 x 30 PCD 650 mm, Section-3, Thickness 5, 4, 3 mm with accessoies (Head frame, steel wire rope 6mm, double drum winch and Motor) | 1 | | |
| 2 | Supply of Foundation Bolt M30 x 12 x 850mm with Tamplet | 1 | | |
| 3 | Supply of 6 Meter Octagonal Gi Pole with 200 Watt LED Light | 2 | | |
| 4 | Supply of Control Panel auto timmer | 1 | | |
| 5 | Supply of FRP Dome | 1 | | |
| 6 | Supply of LED Aviation Obstruction Light | 1 | | |
| 7 | Installation and Testing Work (Including Foundation Civil Work, Crane and Connection Cable) | 1 | | |
| 8 | PU Point | 1 | | |
| 9 | Indian National Flag 20x30 Ft. (160 GSM) (Nil GST) | 1 | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Sub. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Asst. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

Excv. Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)